कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

क्रमांक/12376/PMAY-G/जि.पं./2024-25

जांजगीर, दिनांक : 21/11/24

::प्रेस विज्ञप्ति::

कार्यालयीन पत्र क्रमांक/11086/PMAY-G/जि.पं./2024-25 जांजगीर, दिनांक 05.09.2024 के माध्यम से विज्ञापन जारी कर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत **"आवास मित्र/समर्पित मानव संसाधन"** हेतु दिनांक 20.09.2024 सायं 05:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। निर्धारित तिथि तक कुल 2155 आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त आवेदन का सारणीकरण पश्चात् पात्र/अपात्र एवं अनन्तिम सूची जारी करते हुए दिनांक 08.11.2024 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। निर्धारित तिथि तक जनपद पंचायत अकलतरा हेतु 08, जनपद पंचायत बम्हनीडीह हेतु 07, जनपद पंचायत बलौदा हेतु 07, जनपद पंचायत नवागढ़ हेतु 09 एवं जनपद पंचायत पामगढ़ हेतु 10 कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त दावा/आपत्ति का परीक्षण कर निराकरण उपरांत अंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। विस्तृत विवरण जिले के वेब-साईट **https://janjgir-champa.gov.in** तथा कार्यालय जिला पंचायत व संबंधित जनपद पंचायतों के सूचना पटल पर अवलोकन किये जा सकते है। अभ्यर्थीयों को दस्तावेज सत्यापन/काउंसलिंग हेतु **दिनांक 26.11.2024 एवं 27.11.2024 को समय सुबह 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे** तक संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि एवं समय में अनुपस्थित अभ्यर्थीयों के नाम पर विचार नहीं किया जावेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित अभ्यर्थीयों की होगी। यह मेरिट सूची अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन एवं संलग्न दस्तावेज के आधार पर तैयार की गई है। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में उल्लेख एवं प्रस्तुत दस्तावेज, सत्यापन/काउंसलिंग के दौरान गलत पाये जाने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी स्वमेव निरस्त मानी जावेगी, एवं सत्यापन के दौरान कोई भी पात्र अभ्यर्थी नगरीय निकाय का पाया जाता है, तो उन्हें सत्यापनकर्ता अधिकारी के द्वारा अपात्र किया जावेगा।

टीप :- ग्राम पंचायत बम्हनीडीह वर्तमान में नगरीय निकाय गठन होने के कारण बम्हनीडीह के अभ्यर्थीयों को चयन समिति द्वारा अपात्र किया गया है।

संलग्न :-
1. प्राप्त दावा/आपत्ति का जनपद पंचायतवार निराकरण की सूची।
2. पात्र अभ्यर्थीयों का जनपद पंचायतवार अंतिम मेरिट सूची।

21.11.24

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत जांजगीर-चांपा

पृ0क्रमांक/12377/PMAY-G/जि.पं./2024-25

जांजगीर, दिनांक : 21/11/24

प्रतिलिपि :-

01. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन अटल नगर की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित्।
02. आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित्।
03. संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विकास भवन, प्रथम तल, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित्।
04. विकास आयुक्त कार्यालय विकास भवन, चतुर्थ तल, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित्।
05. कलेक्टर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित्।
06. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर जिले के वेबसाईट में अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित्।
07. जिला जनसंपर्क अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशनार्थ प्रेषित्।
08. सर्व अनुविभागीय अधिकारी (रा.) .... जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
09. सदस्य सचिव/सदस्य जिला स्तरीय चयन समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत .... जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु।

21.11.24

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत जांजगीर-चांपा